# जयपुरिया स्कूल ने जीता टेबल टेनिस खिताब

कानपुर। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल लखनऊ ने द चिंटल्स स्कूल कानपुर को 3-0 से हराकर सीबीएसई क्लस्टर-फोर टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अंडर-14 बालिका वर्ग का खिताब जीत लिया है। यह प्रतियोगिता सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर चल रही है। शनिवार को अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले हुए। रविवार को खिताबी भिड़ंत होगी।

बालक अंडर-14 के सेमीफाइनल में सर पदमपत सिंहानिया स्कूल ने डीपीएस आजाद नगर को 3-2 से पराजित किया। वहीं सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल लखनऊ ने डीपीएस बर्रा कानपुर को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

बालिका अंडर-17 में सर पदमपत सिंहानिया स्कूल ने जेबी एकेडमी अयोध्या को 3-0 से शिकस्त दी, जबकि लखनऊ पब्लिक स्कूल एलडीए कॉलोनी लखनऊ ने श्रीकृष्ण दत्त वृंदावन लखनऊ को 3-0 से हराकर फानइल में जगह बनाई।



प्रतियोगिता में हिस्सा लेती कत्यानी। संवाद

बालक अंडर-19 में पहले सेमीफाइनल में सर पदमपत सिंहानिया कानपुर ने एसएसडीसी कानपुर को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में लखनऊ पब्लिक स्कूल एलडीए कॉलोनी लखनऊ ने डीपीएस आजाद नगर कानपुर को 3-2 से मात दी। (संवाद)